भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2902
उत्तर देने की तारीख 13.08.2026

लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 का कार्यान्वयन

2902. श्री अब्दुल वहाब :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा विगत बारह वर्षों के दौरान मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों तथा सांविधिक संस्थाओं द्वारा लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 के अनुपालन का आकलन करने के लिए कोई संपरीक्षा कराई गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा उक्त अधिनियम का अनुपालन नहीं करने वाली संस्थाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अभिलेखों को अनधिकृत रूप से नष्ट करने, गुम करने अथवा उनके अनुचित रखरखाव के लिए अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई आरंभ की गई है;

(ङ) लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 का अनुपालन करने वाली संगठनों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का सभी केंद्रीय सरकारी संस्थाओं द्वारा बनाए रखे गए लोक अभिलेखों के अनुपालन तथा उनके डिजिटलीकरण की स्थिति पर एक समग्र अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करने का विचार है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क), (ख) और (ग): विगत बारह वर्षों के दौरान ऐसा कोई संपरीक्षा नहीं की गई है, क्योंकि लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 में ऐसी संपरीक्षा का कोई प्रावधान नहीं है।

(घ): अधिकारियों के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई करने की आवश्यकता ही नहीं हुई क्योंकि अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत अभिलेखों को अनधिकृत रूप से नष्ट करने, गुम करने अथवा उनके अनुचित रखरखाव का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

(ड.): संबंधित संगठनों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 का अनुपालन करने वाले संगठनों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(च): अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत अभिलेख अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई को लोक अभिलेख नियम, 1997 के नियम 8(1) के अनुसार प्रपत्र-5 में महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार को प्रस्तुत किया जाता है, और इसे महानिदेशक की रिपोर्ट के रूप में वर्ष-वार संकलित और प्रकाशित किया जाता है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय अभिलेखागार की वेबसाइट पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

अनुलग्नक-I

'लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 का कार्यान्वयन' के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2902 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 का अनुपालन करने वाले संगठनों की सूची

वर्ष- 2022-2023

1. भारतीय खान ब्यूरो (खान मंत्रालय)
2. कमांडेंट कार्यालय, सीआईएसएफ सीसीएल एनके और पिपरवार क्षेत्र (गृह मंत्रालय)
3. सहायक कमांडेंट का कार्यालय, सीआईएसएफ यूनिट एनकेएसटीपीपी टंडवा
4. सीनियर कमांडेंट का कार्यालय, सीआईएसएफ सीसीएल कारगिल
5. स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, गृह मंत्रालय
6. सीआरपीएफ, (गृह मंत्रालय), नई दिल्ली
7. डिप्टी कमांडेंट कार्यालय सीआईएसएफ, बोकारो स्टील प्लांट
8. समन्वय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग (गृह मंत्रालय)
9. कमांडेंट का कार्यालय, सीआईएसएफ बांदीपोरा (जम्मू और कश्मीर)
10. डीआईजी/सीएएसओ का कार्यालय सीआईएसएफ यूनिट, एएसजी बेंगलुरु
11. महानिरीक्षक कार्यालय, सीआईएसएफ (एमएचए), भिलाई (छत्तीसगढ़)
12. कमांडेंट का कार्यालय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (चंडीगढ़)
13. रक्षा मंत्रालय (मुख्यालय)
14. रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा प्रदर्शनी संगठन)
15. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र)
16. मंत्रिमंडल सचिवालय, नई दिल्ली
17. नमक आयुक्त कार्यालय, जयपुर
18. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, असम
19. मंत्रिमंडल सचिवालय (राष्ट्रपति भवन)
20. मेकॉन लिमिटेड, रांची
21. एनएचपीसी लिमिटेड, फरीदाबाद
22. गोवा शिपयार्ड लिमिटेड, गोवा
23. एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (अंतरिक्ष विभाग), बेंगलुरु
24. भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर, खान मंत्रालय
25. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, 01, जल शक्ति मंत्रालय
26. जवाहरलाल नेहरू सेंटर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरु, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
27. नीति आयोग, नई दिल्ली
28. प्रधान लेखा कार्यालय, नई दिल्ली, नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय

29. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

30. क्रय एवं भंडार निदेशालय, परमाणु ऊर्जा विभाग

31. रक्षा मंत्रालय

32. मुख्य अभियंता एवं प्रशासक का कार्यालय, पोर्ट ब्लेयर, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

33. क्रय एवं भंडार निदेशालय, मुंबई, परमाणु ऊर्जा विभाग

34. स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली

वर्ष- 2023-2024

1. भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर, खान मंत्रालय

2. मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल का कार्यालय, बेंगलुरु , संचार मंत्रालय

3. डाक विभाग, नई दिल्ली, संचार मंत्रालय

4. रक्षा विभाग, नई दिल्ली, रक्षा मंत्रालय

5. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय

6. राजस्थान भू-स्थानिक डेटा केंद्र, जयपुर, भारतीय सर्वेक्षण विभाग

7. टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश

8. व्यापार उपचार महानिदेशालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

9. नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय

9.1 प्रधान लेखा कार्यालय, नई दिल्ली

9.2 क्षेत्रीय वेतन एवं लेखा कार्यालय, मुंबई

9.3 क्षेत्रीय वेतन एवं लेखा कार्यालय, चेन्नई

9.4 क्षेत्रीय वेतन एवं लेखा कार्यालय, कोलकाता

9.5 वेतन एवं लेखा कार्यालय (सचिवालय), नई दिल्ली

9.6 वेतन एवं लेखा कार्यालय (डीजीसीए), नई दिल्ली

9.7 वेतन एवं लेखा कार्यालय, नई दिल्ली

10. हरीश चंद्र अनुसंधान संस्थान

11. हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पुणे

12. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय

13. राइफल फैक्ट्री ईशापुर, रक्षा मंत्रालय

14. हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पुणे

15. एनएचपीसी लिमिटेड, फरीदाबाद (2022)

16. गोवा शिपयार्ड लिमिटेड, गोवा

17. एनएचपीसी लिमिटेड, फरीदाबाद

18. रक्षा विभाग, डी (ओ एंड एम)

19. जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
20. नीति आयोग, नई दिल्ली
21. भारतीय सर्वेक्षण, जयपुर
22. जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली

वर्ष 2024-2025

1. हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पुणे
2. गोवा शिपयार्ड लिमिटेड, गोवा
3. टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश
4. एनएचपीसी लिमिटेड, फरीदाबाद
5. बीईएमएल लिमिटेड
6. एनएलसी इंडिया लिमिटेड
7. भारतीय कपास निगम लिमिटेड
8. राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड
9. संचार मंत्रालय, (डाक विभाग) डाक भवन, नई दिल्ली
10. रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन विभाग), कोलकाता
11. रक्षा विभाग (सचिवालय), नई दिल्ली
12. वस्त्र मंत्रालय (वस्त्र समिति)
13. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली
14. संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
15. डाक विभाग, डाक भवन 01
16. जल शक्ति मंत्रालय
17. जल संसाधन विभाग, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
18. वस्त्र मंत्रालय
19. खान मंत्रालय
20. भारतीय खान ब्यूरो
21. नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय
22. प्रधान लेखा कार्यालय
23. विदेश मंत्रालय
24. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
25. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

26 जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र

27 हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड

*****